सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-578
24/11/2017

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

पटना, 24 नवम्बर 2017 :– 1 अणे मार्ग स्थित विमर्श में आज ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने की। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन दिया गया।

बैठक में बी0एस0पी0जी0सी0एल0 (बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड) के जेनरल एसेट के एन0टी0पी0सी0 को हस्तांतरित करने के संबंध में बने प्रपोजल पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में बरौनी थर्मल पावर, कांटी थर्मल पॉवर एवं एन0पी0जी0सी0एल0 नवीनगर को एन0टी0पी0सी0 को हस्तांतरित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस हस्तांतरण से बिहार को होने वाले फायदे पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। एन0टी0पी0सी0 से उत्पादित होने वाली बिजली का बिहार में ही उपयोग किया जाएगा। बैठक में एन0टी0पी0सी0 बाढ़ को कोयला आपूर्ति हेतु कोडरमा से राजगीर के लिए रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के बारे में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। इस मार्ग से एन0टी0पी0सी0 के लिए कोयला लाने में सहुलियत होगी।

बैठक में कजरा (लखीसराय) और पीरपैंती (भागलपुर) में सोलर पॉवर प्लांट लगाने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इन दोनों स्थानों पर एन0टी0पी0सी0 द्वारा सोलर पावर प्लांट बनाया जायेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनान्तर्गत हर घर बिजली कनेक्शन निश्चय योजना की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दिसंबर 2017 के अंत तक हर बसावट तक बिजली पहुॅचाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, एन0टी0पी0सी0 के प्रतिनिधिमण्डल के साथ–साथ अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

****